卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः ॥ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 78 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦24 दिसम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# छात्र संघ चुनाव के लिए पड़े वोट

### हल्द्वानी में मतदान के दौरान हंगामा, एबीवीपी कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प

देहरादून/हल्द्वानी/रूद्रपुर (उद ब्यूरो)। दो साल बाद महाविद्यालयों में शनिवार को छात्र संघ चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हुआ। इस दौरान कई जगह हंगामे की खबरें भी सामने आयी है। प्रदेश के 119 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय व चार सहायता प्राप्त अशासकीय महा विद्यालयों यानि कुल 123 महाविद्यालयों में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान हुआ। शाम को सभी कालेजों के छात्र संघ चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे। देहरादून के चार सहायता प्रात अशासकीय महाविद्यालय डीएवी, डीबीएस, श्री गुरु राम राय पीजी कालेज व एमकेपी पीजी कालेज हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विवि से संबद्ध हैं। छात्र संघ चुनाव में मुख्यतः भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआइ), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), आर्यन, सत्यम शिवम छात्र संगठन, एसएफआइ के प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं। अभाविप और एनएसयूआइ ने लगभग सभी कालेजों में अपने प्रत्याशी उतारे हैं। प्रदेश के दो सबसे बड़े कालेज डीएवी पीजी कालेज देहरादून व एमबी कालेज हल्द्वानी में 10 हजार से अधिक छात्र मतदाता हैं। इन दोनों कालेजों में छात्र संघ चुनाव को लेकर किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसे देखते हुए भारी पुलिसबल तैनात किया गया है। डीएवी कालेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लिए इस बार अध्यक्ष का चुनाव प्रतिष्ठा का सवाल बना (शेष पृष्ठ सात पर)






# शिक्षिका ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निजी स्कूल की शिक्षिका ने संदिग्ध हालातों में घर पर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला प्रेस प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी निवासी 22 वर्ष्रीय मिनती पुत्री अनंत विश्वास बीए तृतीय वर्ष की छात्रा थी। वह रविन्द्र नगर के एक निजी स्कूल में शिक्षिका थी। सुबह मिनती की मां सविता विश्वास और छोटी बहन सुनीती ने मिनती को घर पर फंदे पर लटका हुआ देखा तो उनके होश उड़ गये। शोर सुनकर आस पास के लोग भी मौके पर पहुंच गये। छात्रा को पंखे से उतारकर चिकित्सक के पास ले जाया गया तो उसे चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी लेने के बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। आत्म हत्या के कारणों का पता नहीं चला है। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। समाचार लिखने तक परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गयी थी।



# पोक्सो एक्ट के वांछित दंपत्ति गिरफ्तार

### खुद की पुत्री से कलयुगी बाप करता था छेड़छाड़

काशीपुर(उद संवाददाता)। बेटी के साथ दुष्कर्म के प्रयास के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दंपत्ति को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार वांछित को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। बीते एक सितंबर को घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर सखी वन स्टॉप सेंटर रुद्रपुर की सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर कविता बुटोला ने बताया कि काशीपुर निवासी संजय अपनी पत्नी के साथ हमसाज होकर 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ मारपीट करता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी दंपत्ति के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए। इस दौरान पुलिस ने सीआरपीसी के तहत पीड़िता का भी बयान दर्ज किया। पुलिस को दिए बयानों में पीड़िता ने बताया कि उसके पिता द्वारा संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया जाता है विरोध करने पर गार्जियंस मारपीट (शेष पृष्ठ सात पर)



# दुकान से नगदी चोरी करते पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में आटा चक्की के गल्ले से रूपये चोरी कर रहे एक युवक को दुकान स्वामी ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। देवेन्द्र सिंह रावत पुत्र अवतार सिंह रावत निवासी जेपीएस स्कूल के पास लोहिया नगर ने बताया कि उसकी जेपीएस स्कूल के पास प्लाट नम्बर 1. लोहिया नगर में कंचन आटा चक्की नाम से दुकान है। 23 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे उसकी दुकान पर एक लड़का आया। उस समय वह दुकान पर मौजूद नहीं था। नजदीक में मौजूद अपने घर (शेष पृष्ठ सात पर)

# बुकी समेत नौ सटोरिये गिरफ्त में

### पैसा आठ गुना करने का लालच देकर सट्टा खिला रहा था बुकी

रूद्रपुर/किच्छा (उद संवाददाता)। पैसा आठ गुना करने का लालच देकर सट्टा खिला रहे सट्टा किंग को पुलिस ने आठ सटोरियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये सटोरियों के पास से बीस हजार की नगदी के अलावा नौ मोबाइल फोन भी बरामद किये गये हैं। एसएसपी के निर्देश पर अवैध जुआ/सट्टा की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष पुलभट्टा कमलेश भट्ट के नेतृत्व मे टीम ने किच्छा के पास आजाद नगर रोड स्थित एक आम के बगीचे में सट्टा करते एक बुकी और सट्टा खेलने वाले आठ लोगों सहित कुल 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से सट्टा डायरी,पेन और लगभग 20 हजार रूपए नगद व 9 मोबाइल फोन बरामद हुए। बरामद हुए मोबाइल फोनों में लाखों रुपए के सट्टे के कारोबार करने का रिकॉर्ड मिला है। पकड़ा (शेष पृष्ठ सात पर)



# विधवा के घर में लाखों की चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र में विधवा के मकान पर धावा बोलकर अज्ञात चोरों ने सेफ में रखी लाखों की ज्वेलरी व हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सनसनीखेज वारदात की सूचना स्थानीय पुलिस को मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर जरूरी जानकारी जुटाते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला अल्ली खां निवासी शमा परवीन पत्नी मोहम्मद इरफान का उपरोक्त मोहल्ले में ही मायका है। पता चला है कि गत शुक्रवार को महिला अपने बच्चों को लेकर आवश्यक कार्य बस मायके चली गई। इसी (शेष पृष्ठ सात पर)



# आग से झोपड़ी हुई राख

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुर में खाना बनाते समय गैस लीकेज होने के कारण अचानक झोपड़ी में आग लग गई। इस दौरान देखते ही देखते आग की लपटों में घिरकर गरीब का आशियाना जलकर खाक हो गया। अग्निकांड की इस घटना में झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सारा सामान जल गया। फायर ब्रिगेड को अग्निकांड की सूचना मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर घर की आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुर में गणेशी पुत्र बाबू की रिहायशी झोपड़ी में खाना बनाते हुए गैस लीकेज होने के कारण आग लग गई। इस दौरान जब (शेष पृष्ठ सात पर)



# काशीपुर एसडीएम को क्रेटा से कुचलने का प्रयास

काशीपुर(उद संवाददाता)। खनन माफियाओं ने काशीपुर के उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। हमले में एसडीएम बाल बाल बचे। उपजिलाधिकारी के चालक दीपक कुमार ने कोतवाली में इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। चालक दीपक के अनुसार 22 दिसंबर की रात साढ़े नौ बजे बजे जैतपुर कुण्डेश्वरी रोड़ पर स्कूल के पास खनन की चैंकिंग की जा रही थी तभी कुछ लोग एक गाड़ी से उपजिलाधिकारी की गाड़ी का पीछा कर रहे थे। इसी बीच खनन के कुछ वाहन दिखाई दिये तो चैकिंग के लिए उपजिलाधि कारी अभय प्रताप सिंह गाड़ी से उतरने लगे। ठीक उसी समय एक क्रेटा गाड़ी जो पहले से थी तो गाड़ी के चालक ने एसडीएम की गाड़ी को टक्कर मार दी। इस टक्कर उपजिलाधिकारी बाल–बाल बच गए। टक्कर मारने के बाद और क्रेटा गाड़ी का चालक वंहा से गाड़ी लेकर भाग गया। लेकिन गाड़ी का नंबर चालक ने नोट कर लिया।गाड़ी का नं0 यूके 18पी–9899 था।तत्काल घटना की सूचना कुण्डेश्वरी चौकी इंचार्ज को दी गई। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं।

# पीएफ जमा न कराने पर फैक्ट्री निदेशकों के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा श्रमिकों का पीएफ काटकर बैंक में जमा न कराने पर फैक्ट्री निदेशकों के खिलाफ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा रपट दर्ज कराई गई है। एसएसपीके निर्देश पर दर्ज कराई गई रपट में मैसर्स ऑटो लाइट मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड, प्लाट न. 12, सेक्टर–11, पंतनगर के मैनेजिंग डायरेक्टर आदर्श महिपाल गुप्ता पुत्र महिपाल निवासी तारा नगर सिविल लाईन्स जयपुर, डायरेक्टर भावना गुप्ता पुत्री भंवरसिह शेखावत निवासी तारानगर सिविल लाईन्स जयपुर तथा डायरेक्टर उषा गुप्ता पुत्री बनवारी लाल निवासी सारा नगर, सिंविंतो, जयपुर के विरूद्ध कहा है कि प्रत्येक व्याप्त संस्थान के नियोक्ता को कर्मचारी के वेतन से उसका भविष्य निधि का हिस्सा काटना होता है तथा उसे कर्मचारी भविष्य निधि के भारतीय स्टेट बैंक के खाते मे प्रत्येक माह के अन्त के पंन्द्रह दिनो के पश्चात जमा करना होता है। नियोक्ता मैसर्स ऑटो लाइट मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड ने अपने कर्मचारी के भविष्य निधि अंशदान के सदस्य को उनके माह अगस्त 2019 से जुलाई 2022 तक (शेष पृष्ठ सात पर)

# अतिक्रमणकारियों को नहीं मिली राहत, ध्वस्तिकरण की तैयारियां शुरू

नैनीताल। हल्द्वानी में रेलवे की भूमि पर काबिज अतिक्रमणकारियों के विस्थापन को लेकर दायर पांच जनहित याचिकाओं पर न्यायाधीश न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ ने शुक्रवार को एक साथ सुनवाई की। खंडपीठ ने फिलहाल कोई राहत नहीं दी। अलबत्ता आगामी सुनवाई की कोई तिथि भी नियत नहीं की। रेलवे की भूमि पर काबिज मुस्तफा हुसैन, मोहम्मद गुफरान, टीकाराम पांडे, मदरसा गुसाईं, गरीब नवाज, भूपेंद्र आर्य व अन्य अतिक्रमणकारियों की ओर से जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं। खंडपीठ ने सभी को एक साथ ही सुना। लेकिन विस्थापन पर कोई दिशानिर्देश नहीं जारी किया। हाई कोर्ट ने 20 दिसंबर को हल्द्वानी में रेलवे की 29 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए 4365 आवासों को ध्वस्त करने का आदेश दिया। न्यायाधीश न्यायमूर्ति शरद शर्मा व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा था कि अतिक्रमणकारियों को एक हफ्ते का नोटिस देना होगा। इस फैसले के बाद अतिक्रमणकारियों ने हाई कोर्ट में विस्थापन के लिए जनहित याचिका दायर कर दी। बनभूलपुरा में रेलवे अतिक्रमण हटाने को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से तैयारियां शुरू कर दी हैं। किसी भी हाल में शहर का माहौल न बिगड़े, इसके लिए अभी से सतर्कता बरती जा रही है। भड़काऊ बातों के जरिये उकसाने वालों को चिह्नित किया जा रहा है। इसके लिए पुराना रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है। फेसबुक पोस्ट और वाट्सएप मैसेज की निगरानी भी की जा रही है, ताकि इंटरनेट मीडिया का गलत तरीके से इस्तेमाल न हो। एलआइयू की टीम इस काम में जुटी है। सोमवार को प्रशासन, रेलवे और पुलिस की हल्द्वानी में बैठक भी प्रस्तावित है। हल्द्वानी में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण का मामला एक बार फिर से सुर्खियों में है। हाई कोर्ट ने अतिक्रमणकारियोंको एक सप्ताह का नोटिस देकर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

# अंकिता को न्याय दिलाने के आश्वासन पर धरना स्थगित

ऋषिकेश। वनंतरा मामले में युवा न्याय संघर्ष समिति की ओर से 72 दिन से चलाया जा रहा धरना मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आश्वासन पर शुक्रवार को स्थगित कर दिया गया। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में नगर निगम की



महापौर अनीता ममगाई ने धरना स्थगित कराया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी सरकार बेटी को न्याय दिलाने के लिए संकल्पित है। वनंतरा मामले में युवा न्याय संघर्ष समिति की ओर से बेमियादी अनशन, क्रमिक अनशन और धरना देकर बेटी को न्याय देने की मांग की थी। इस मामले में राजधानी कूच के दौरान कई आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी भी हुई थी। बीते गुरुवार को डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में समिति के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले में पूरी तरह से गंभीर और सक्रिय है। बेटी को न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने आंदोलनकारियों से धरना समाप्त करने की अपील की थी। जिसके लिए उन्होंने नगर निगम की महापौर को अपना प्रतिनिधि अधिकृत किया था। शुक्रवार को नगर निगम के सामने धरना स्थल पर पहुंची। महापौर अनीता ममगाई ने कहा कि पूरा उत्तराखंड और देश वनंतरा मामले में बेटी और उसके परिवार के साथ है। प्रदेश सरकार की ओर से इस मामले में न्यायालय में मजबूत पैरवी की जाएगी। तीनों आरोपित हर हाल में दंडित होंगे। उन्होंने कहा कि अंकित आर्या और उसके पिता विनोद आर्या के खिलाफ भाजपा संगठन ने सरकार ने अपने स्तर पर तत्काल कार्रवाईकी थी। आंदोलनकारियों को इस मामले में सरकार पर भरोसा रखना चाहिए। आंदोलन कारियों पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लेने की बात मुख्यमंत्री कह चुके हैं। मुख्यमंत्री की ओर से महापौर के इस आश्वासन पर न्याय मंच के पदाधि कारी धरना स्थगित करने पर सहमत हुए। महापौर ने सभी को जूस पिलाकर इन्हें यहां से उठाया। इस मौके पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय सिलस्वाल, हिमांशु रावत, रामेश्वरी चौहान, जया डोभाल, सुरेंद्र सिंह नेगी, विक्रम भंडारी, पार्षद राधा रमोला, शकुंतला शर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा, लक्ष्मी रावत, उमा बृजपाल राणा, विजय बडोनी, अजीत सिंह गोल्डी, मनीष बनवाल, प्रमोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से घायल हाथी के बच्चे की मौत

लालकुआं। ट्रेन की टक्कर से घायल हाथी के बच्चा आखिरकार मौत से जंग हार गया है, वन विभाग ने मौके पर ही उसके शव को दफना दिया है। गत रविवार की प्रात: को टांडा जंगल में ट्रेन की चपेट में आने से हाथी का डेढ़ वर्षीय बच्चा का गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद वाइल्डलाइफ चिकित्सक डॉ आयुष उनियाल, डॉ हिमांशु पांगती और वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ प्रशांत वर्मा के नेतृत्व में चिकित्सा कर्मियों की टीम ने जख्मी हाथी के उपचार शुरू किया। हाथी के बच्चे के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लगने के कारण वह उठ नहीं पाया। चिकित्सकों द्वारा लगातार उसको बचाने के हरसंभव प्रयास किया गए, लेकिन छह दिन के संघर्ष के बाद गुरुवार की रात 11:35 बजे हाथी के बच्चे ने दम तोड़ दिया। वन विभाग द्वारा शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया, जिसके बाद तराई केंद्रीय वन प्रभाग के डीएफओ वैभव कुमार की मौजूदगी में हाथी के शव को मौके पर ही दफना दिया। इस दौरान एसडीओ शशि देव, वन क्षेत्राधिकारी रूपनारायण गौतम, तराई पूर्वी समेत तमाम वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



# सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे अंकिता के पिता

ऋषिकेश। अंकिता के पिता ने न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में सशक्त पैरवी के लिए अपना अधिवक्ता अजय पंत को नियुक्त किया है। अंकिता के पिता सीबीआई जांच की मांग को लेकर रद्द हुई याचिका से नाखुश दिखे। उनका कहना है कि वह अब सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे। अंकिता के पिता ने बताया अभियुक्तों द्वारा नार्को टेस्ट से मना करने पर वह न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में अपना अधिवक्ता नियुक्त करने जा रहे हैं। जिससे मामले की सही तरीके से पैरवी हो सके। बता दें, अंकिता हत्याकांड के तीनों आरोपियों ने नार्को टेस्ट से इनकार कर दिया है। पुलकित और सौरभ ने टेस्ट के लिए दिए गए सहमति पत्र वापस ले लिए हैं जबकि अंकित ने अपना असहमति पत्र भी वापस ले लिया है। अब तीनों आरोपी वकील के जरिये बताएंगे कि वे नार्को टेस्ट कराएंगे या नहीं। बचाव पक्ष ने टेस्ट कराने की वजहों को भी स्पष्ट कराने की अपील अदालत से की है। अदालत ने इस पर सुनवाई के लिए तीन जनवरी की तारीख मुकर्रर की है। दरअसल, 12 दिसंबर को पुलकित और सौरभ ने नार्को टेस्ट के लिए जेलर के माध्यम से सहमति जता दी थी। लेकिन, अंकित ने 10 दिन का समय मांगा था। इस पर अदालत ने सुनवाई के लिए 22 दिसंबर का दिन तय किया था। सुनवाई से पहले ही इस मामले में नया मोड़ आ गया। बृहस्पतिवार को तीनों आरोपियों की ओर से अदालत में उनके अधिवक्ता अमित सजवाण प्रस्तुत हुए। वीडियो कांफ्रेंसिंग से आरोपियों की पेशी भी कराई गई। इस बीच तीसरे आरोपी अंकित ने नार्को टेस्ट के लिए असहमति जताई। वकील ने अदालत से कहा कि अन्य दो आरोपियों की सहमति बिना कानूनी सलाह के दी गई है। सजवाण ने इन सभी पत्रों को अदालत से वापस लेने की अपील की। कहा कि अब कानूनी सलाह के बाद ही सहमति या असहमति पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

# अवैध कटान व निर्माण के आरोपी पूर्व आइएफएस किशन चंद गिरफ्तार

हल्दानी(उद संवाददाता)। जिम कार्बेट नेशनल पार्क के कालागढ़ डिवीजन के पाखरों रेंज में पेड़ों के अवैध कटान व निर्माण के मुख्य आरोपित पूर्व आइएफएस किशन चंद को विजिलेंस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। हरिद्वार स्थित घर और स्टोन क्रशर में कुर्की का नोटिस चस्पा होने के अगले ही दिन हल्द्वानी सेक्टर की विजिलेंस ने उन्हे गिरफ्तार कर लिया। बता दें कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग में अवैध निर्माण और पाखरो में टाइगर सफारी के लिए पेड़ों के अवैध कटान मामले में दो आइएफएस अधिकारियों को निलंबित किया गया था। जिसमें जेएस सुहाग और कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग के तत्कालीन डीएफओ किशन चंद शामिल थे। इसके अलावा सीटीआर के निदेशक राहुल को वन विभाग के मुखिया के कार्यालय से अटैच किया गया था। इस फैसले के बाद नौकरशाही में हड़कंप मच गया था। कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग के अंतर्गत पाखरो में टाइगर सफारी के निर्माण के लिए पूर्व में स्वीकृति से अधिक पेड़ काट दिए गए। इसके अलावा इस क्षेत्र में सड़क, मोरघट्टी व पाखरो वन विश्राम गृह परिसर में भवन के अलावा जलाशय का निर्माण भी कराया गया। चौकाने वाली बात ये थी कि इतने बड़े कार्य के लिए वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति तक नहीं ली गई। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) द्वारा निरीक्षण के दौरान ये मामला प्रकाश में आया था। अगस्त 2022 में हल्द्वानी सेक्टर की विजिलेंस में पूर्व आइएफएस किशन चंद व रेंजर बृज बिहारी शर्मा पर प्राथमिकी की थी। रेंजर की गिरफ्तारी के बाद किशन चंद फरार हो गया था। दो दिन पहले विजिलेंस ने उसके घर व स्टोन क्रशर में कुर्की का नोटिस चस्पा किया था। शुक्रवार की देर रात विजिलेंस ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।

# इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुलिस ने बीस हजार के इनामी बदमाश को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां उसे जेल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, एसआई दीवान सिंह बिष्ट, ने पुलिस टीम के साथ वांछित एवं इनामी बदमाशों को धरपकड़ के लिए अभियान चलाएं जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने बीस हजार के इनामी बदमाश को उत्तर प्रदेश के ग्राम कम्बोज नगर थाना हजारा निवासी अंकुश उर्फ अंकली पुत्र जगदीश कुमार चौधरी गांव से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया कि इनामी बदमाश अंकुश ने अपने साथी गुरमुख के साथ मिलकर विगत दिवस



गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब के समीप से बाइक चोरी की गई थी। गुरमुख को पूर्व में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाइक चोरी के मामले में अंकुश सात महीने से पुलिस की पकड़ से फरार चल रहा था। कप्तान ने वांछित अपराध ी पर बीस ईनाम घोषित किया था। इध र पुलिस ने बताया कि इनामी बदमाश पर जिला पीलीभीत में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने पकड़े गए इनामी बदमाश को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया। इधर थानाध्यक्ष ने बताया कि वांछित इनामी बदमाशों को धरपकड़ हेतु अभियान आगे भी जारी रहेगा। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, एसआई दरबान सिंह, एसआई दीवान सिंह बिष्ट, एसआई शंकर सिंह बिष्ट, प्रकाश आर्य, विक्रम सिंह, आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभातफेरी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज जी के प्रकाश पर्व पर नगर में प्रभात फेरी आयोजित की गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर नगर के मुख्य चौराहे सिंह सभा के तत्वधान पर नगर के छेवी पातशाही गेट से चार बजे से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। रिक्शे को फूलों एवं इलेक्ट्रॉनिक लड़ियों से सजाया गया। रिक्शा पर गुरु गोविंद सिंह की प्रतिमा को विराजमान किया गया। सेवादार आगे निशान साहिब लेकर चल रहे थे। रिक्शे के पीछे स्त्री सत्संग की महिलाएं शब्द कीर्तन कर चल रही थी। प्रभात फेरी गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंची और दरबार साहिब में माथा टेका। पंजा साहिब की परिक्रमा कर दर्शन भी किए। पवित्र सरोवर की परिक्रमा करते हुए प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब के लंगर हाल में पहुंची। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने प्रभात फेरी का फूल मालाओं से स्वागत किया। लंगर हॉल में हलवा चने का प्रसाद वितरण किया गया। प्रभात फेरी धार्मिक डेरा कार सेवा होते हुए सतनाम सिंह के प्रतिष्ठान पहुंची। प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। स्त्री सत्संग की महिलाओं ने ने शब्द कीर्तन किया। श्रद्धालुओं के लिए हलवा और चने का प्रसाद वितरण किया गया। प्रभात फेरी विभिन्न मार्गो से होते हुए छेवी पातशाही गेट पर अरदास के बाद समापन हुआ। इधर सिंह सभा के प्रधान हरजीत सिंह ज्ञानी ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर प्रभात फेरी का दौर जारी है। 29 दिसंबर को श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। हजारों श्रद्धालु नगर कीर्तन भाग लेंगे। इस मौके पर सिंह सभा के प्रधान ज्ञानी हरजीत सिंह, स्त्री सत्संग की प्रध ान अमरजीत कौर, बलविंदर सिंह, दलजीत सिंह, सतनाम सिंह, मनजीत सिंह, इंदरजीत सिंह, गुरदेव सिंह, बलविंदर कौर सर्वजीत कौर, आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

# चार साहबजादे और अन्य शहीदों को किया नमन

## गुरु गोविंद सिंह जयंती पर 5 जनवरी को होगा विशाल नगर कीर्तन

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु हर गोविंद सर नवाबगंज में अमावस पर आयोजित किए गए भारी दीवान में वक्ताओं ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहबजादे की शहादत एवं अन्य शहीदों के अलावा श्रद्धालुओं द्वारा गुरु परिवार का सहयोग किए, जाने पर उनका आभार जताया गया। वक्ताओं ने गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह एवं माता गुजर कौर के अलावा अन्य शहीदों की दास्तान सुनाई जिस पर लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए वक्ताओं ने पीर बदरुद्दीन बुद्धू शाह, नवाब शेरखान, मोती राम मेहरा, दीवान टोडरमल, गनी खान, नबी खान के अलावा अन्य सहयोगियों का भी आभार जताया गया। बाबा अनूप सिंह ने बताया कि अगले वर्ष 5जनवरी को गुरु गोविंद सिंह जयंती पर नगर कीर्तन आयोजित किए जाएंगे। नगर कीर्तन श्री गुरु ग्रंथ साहिब और पंच प्यारों की अगुवाई में गुरुद्वारा गुरु हरगोविंद सर से 5 जनवरी प्रात: 7 बजे शुरू होकर चक फेरी, छोटा बरसैना, बेरखेड़ी, बाबा का डेरा, गु.सांझा साहिब मोड़, माट खेड़ा मोड़, गु.सिंघ सभा बिलासपुर, मन्नत पैलेस, चीनी मिल, बंगाली कॉलोनी मोड, बारादरी मोड़, काशीपुर रोड, रुद्रपुर, ग्रीन पार्क, जाफरपुर, धौलपुर, महतोष, रतनपुरा होता हुआ। गुरुद्वारा हरगोबिंद सर नवाबगंज में संपन्न होगा। नगर कीर्तन में रागी, ढाढी, शब्दी एवं कवि श्री जत्थे के अलावा गतका पार्टी अपने कला कौशल के प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने सभी संगत से अपने-अपने वाहनों में संगत को लाकर सेवा करने तथा पुरुषों को केसरी दस्तार और महिलाओं को सिर पर केसरी दुपट्टे सजाकर आने की अपील की। उन्होंने मोटरसाइकिल सवार वाहनों को नियमानुसार प्रबंधकों के निर्देशन में चलने की अपील करते हुए स्टंट करने वालों और बिना साइलेंसर वाहनों को पुलिस द्वारा कार्रवाई किए जाने पर कोई सहयोग ना देने की बात भी कही।

# स्मैक तस्करी में पुलिस कर्मी सहित तीन गिरफ्तार

## मकान स्वामी से तमंचा कारतूस बरामद किया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसओजी व थाना मुखानी की संयुक्त कार्यवाही में नशा तस्करी के अवैध कारोबार में लगे एक पुलिस कर्मी सहित तीन नशा तस्करों को करीब 139.22 ग्राम अवैध स्मैक तथा मकान मालिक को तमंचा, कारतूस, गुप्ती व पम्प एक्सन गन सहित गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी द्वारा पुलिस टीम को 5 हजार रूपया धनराशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है। जानकारी के अनुसार एसएसपी द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अवैध नशे के विरूद्व अभियान चलाने के दिए गए निर्देश के अनुपालन थानाध्यक्ष रमेश बोहरा के नेतृत्व में थाना पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना पर थाना मुखानी क्षेत्र में संतोषी माता मंदिर के पास लालडाठ रोड स्थित एक निवास पर औचक दबिश दी गई। जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़बड़ी मच गई। टीम ने मौके से मकान मालिक सहित चार लोगों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता प्रेम पाल मौर्य पुत्र शिव चरन निवासी ग्राम सिंगरा, मीरगंज, राम चरन लाल पुत्र स्व. मोतीराम निवासी



फतेहगंज, बरेली, जाहिद सैफी पुत्र मौ. इशाक निवासी हुरहुरी मीरगंज बरेली, बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने तीनों के पास से लगभग 139.22 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। मकान मालिक ने अपना नाम पता राम अवतार मोर्या पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम भिटोरा फतेहगंज बरेली बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, लोहा गुप्ती व पम्प एक्सन गन बरामद हुए। पुलिस ने बताया गिरफ्तार आरोपियों में से एक आरोपी रामचरण उत्तर प्रदेश में पीआरडी का जवान है जो प्रेमपाल मौर्य के साथ उत्तर प्रदेश से आकर हल्द्वानी निवासी जाहिद के साथ साठ गाठं कर अवैध स्मैक की तस्करी करता था। तीनों आरोपी मिलकर मकान मालिक रामअवतार जो हल्द्वानी क्षेत्र में ठेकेदारी करता है के घर में रूककर स्मैक बेचने की योजना बना रहे थे। जिन्हें दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में रमेश सिंह बोहरा, थानाध्यक्ष मुखानी, उनि सोमेन्द्र सिंह, कानि. रणवीर सिंह,धैर्य सुगड,हे.कानि. कुन्दन कठायत, त्रिलोक सिंह,कानि. भानू प्रताप, अशोक रावत, दिनेश नगरकोटी शामिल थे। एसएसपी द्वारा पुलिस टीम को 5 हजार रूपया धनराशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।


**शीघ्र आवश्यकता है**

**SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को**

1. **रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1),**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /**बी.कॉम,** अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

**पता-** 7&8 **,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर**
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

**Shri Shyam Properties**
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

**वाटर प्रूफिंग**
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर





## किसान दिवस के रुप में मनाया चौ.चरण सिंह का जन्मदिन

गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय किसान दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान नेता चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन पर आवास विकास स्थित शहीद पार्क में सुपर फिटनेस क्लब के सौजन्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुपर फिटनेस अकैडमी की संयोजिका चंद्रिका फौगाट के नेतृत्व में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धा



सुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में पहुंचे सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के इंचार्ज और पत्रकार देवेंद्र सिंह द्वारा चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रधानमंत्री पद के अल्पकाल में ही उन्होंने किसानों की कई समस्याओं का समाधान करवाया। उन्होंने वर्तमान में किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार को सराहनीय कदम उठाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा, किसान सम्मान है देश का,किसान देश की शान है,किसान ही आधार देश के, किसान ही पहचान है। इस मौके पर समाजसेवी कविता कांडपाल, ध्रव,अभी, निखिल,महिमा, वेदांत,खुशी,सरिता, खुशनुमा,श्रद्धा,संध्या, अंशिका, लकी,उत्कर्ष,आयुष के अलावा मनीष फोगाट मौजूद रहे।

## नन्दा गौरा कन्या धन योजना में किये गये बदलाव को निरस्त की मांग

गदरपुर(उद संवाददाता)। नन्दा गौरी कन्या धन योजना की राशि के आवेदन में किये गये बदलाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को देकर किये गये बदलाव को निरस्त किये जाने की मांग की। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। यहां पर उन्होंने तहसीलदार देवन्द्र सिंह बिष्ट को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।



जिसमें कहा गया कि नन्दा गौरी कन्या योजना की राशि के लिए जारी आवेदन में बदलाव किया गया है जिससे क्षेत्र की काफी संख्या में कन्या पात्रता दायरे से बाहर जा रही है जो कि आर्थिक और असंगत है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से किये गये बदलाव पर पुनः विचार करते हुए वर्ष 2011 के सामाजिक आर्थिक जनगणना प्रमाण-पत्र की शर्त को निरस्त किया जाये साथ ही बैंक खाते के तीन वर्ष के स्टेटमेंट को भी निरस्त किया जाये। जिससे पात्रता कन्याओं को इसका लाभ मिल सके। ज्ञापन देने वालों में पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, संजीव झाम, मनीष चौधरी, अभिमन्यु बाजपेयी आदि शामिल थे।

## शिविर में स्कूली बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा करने के गुर

सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किशोरियों हेतु आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन जी0 जी0 आई0 सी0 सुल्तानपुर पट्टी में प्रधानाचार्य के सहयोग से किया गया।जिसका उदघाटन जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती रश्मि पांडे,रोहित यादव डायरेक्टर राव मार्शल आर्ट्स एकेडमी द्वारा संयुक्त



रूप से किया गया।इस योजना के तहत जनपद के चयनित 13 स्कूलों की 1300 बालिकाओं को 7 दिवसीय आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करना है । राव मार्शल आर्ट्स एकेडमी के निदेशक रोहित यादव ने बच्चो को सेल्फ डिफेंस वाइटल पायंट्स के बारे में जानकारी साझा की गई एवं इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक जाया नयाल सुपरवाइजर पार्वती देवी एवं विद्यालय स्टाफ से मंजू नेगी सुमन बाला समस्त स्टाफ के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# उद्यमियों को जिला प्रशासन देगा सहयोग

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक उद्योग को उद्योग से संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए उद्योग बंधुओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने




के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने मिनी औद्योगिक आस्थान गरूड में शेडों का आवंटन नियमानुसार कराने के निर्देश महाप्रबंधक को दिए। अल्मोडा मेग्नेसाइट द्वारा उत्पादित सीसी ब्रिक्स, ब्लॉक्स,इण्टरलॉकिंक पेवर्स को राजकीय कार्यो में प्रयुक्त कर वोकल फार लोकल के आधार पर मैग्नेसाइट में निर्मित सीमेंट और निर्माण सामग्री को राजकीय निर्माण विभाग,परियोजना विकास प्रोजेक्ट में क्रय में वरीयता प्रदान किए जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यदायी विभागों को मैग्नेसाइट फैक्ट्री में उत्पादित निर्माण सामग्री को प्राथमिकता से उपयोग करने को कहा।बैठक में उद्यमियों ने भी अपनी समस्याओं को बताया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर उद्यमियों को अनावश्यक कार्यालय के चक्कर नही कटवाने,और उनकी समस्याओं का समाधान समय सीमा के तहत ही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने उद्यमियों को ऋण लेने के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए उन्हें शिविरों के माध्यम से लाभ पहुंचाने के लीड बैंक मैनेजर व महाप्रबंधक उद्योग को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति उद्योग के माध्यम से लोंगो का रोजगार दे रहा है, उद्यमियों को आ रही समस्याओ कोसंबंधित अधिकारी गंभीरता से लें।वही महाप्रबन्धक उद्योग जीपी दुर्गापाल ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत 400 लक्ष्य के सापेक्ष 714 आवेदन पत्र विभिन्न बैंकों को भेजे गये है, जिसमें से बैंकों द्वारा 338 आवेदन पत्रों को स्वीकृति प्रदान करते हुए 235 को ऋण वितरित किया गया, इसी तरह मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना नैनो के अन्तर्गत 600 लक्ष्य के सापेक्ष 510 ऋण आवेदन बैंको को भेजे गये जिसमें से बैंकों द्वारा 257 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृत करते हुए 211 को ऋण वितरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह ने सभी बैंकर्स को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के आवेदनों का त्वरित निस्तारण करते हुए प्राथमिकता से ऋण वितरित करना चाहिए।बैठक में जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, , सहायक लीड बैंक मैनेजर दिनेश कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्या समेत अध्यक्ष बागनाथ चौबर्स ऑफ कामर्स बागेश्वर नरेन्द्र खेतवाल, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी एसएस वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ड़ा आर चन्द्रा सहित बैंक प्रबन्धक, अधिकारी व उद्यमी मौजूद थे।

## दस हजार की नगदी समेत चार सट्टेबाजों को दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।लोगों का पैसा डबल करने का लालच देकर सट्टा लगवा रहे चार सट्टेबाजों को बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के दिशा-निर्देशन मे थाना पुलिस के एसआई मनोज यादव, कानि. मुन्ना सिंह, दिलशाद अहमद, रिजवान अली व अमनदीप सिंह ने गत रात्रि गश्त के दौरान इंद्रा नगर नूरी मस्जिद के पास खाईबाड़ी कर रहे चार सट्टेबाजों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता



राजेश गुप्ता पुत्र स्वर्गीय बालकराम निवासी चौधरी कॉलोनी वार्ड 59, भूरा पुत्र दिलावर निवासी इंदिरा नगर दुर्गा मंदिर के पास वार्ड 32, यासीन उर्फ बिलास पुरीया पुत्र अहमद हुसैन निवासी इंदिरा नगर दुर्गा मंदिर के पास वार्ड 32 तथा मोहम्मद अकरम पुत्र मोहम्मद अशरफ निवासी इंदिरा नगर नूरी मस्जिद के पास वार्ड 32 बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से पैन गत्ता सट्टा पर्ची व नगदी 10100 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।




# आठ वारटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा संपूर्ण क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानों में एक साथ दबिश देकर 8 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में रमेश गुप्ता पुत्र नरोत्तम गुप्ता निवासी वार्ड न0 14 सती कालोनी, योगेश पुत्र पूरन सिंह निवासी देवलचौड पो0 आनन्दपुर पश्चिम, कृष्ण चन्द्र पुत्र शान्ति लाल निवासी राजपुरा, फईम पुत्र अनीश अहमद निवासी



इन्द्रानगर, थाना बनभूलपुरा, आनन्द राठौर पुत्र बलवीर सिंह निवासी रामपुर रोड, दीपू कश्यप पुत्र राम प्रसाद कश्यप निवासी वार्ड 13 राजपुरा, मोहन सिंह विष्ट पुत्र हरीश सिंह निवासी मानपुर पश्चिम तथा ज्योति कपूर पत्नी स्व. अनिल कपूर निवासी सुभाषनगर शामिल हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि पंकज जोशी चौकी प्रभारी टीपीनगर, उनि गुलाब सिंह चौकी प्रभारी मण्डी, उनि दिनेश जोशी चौकी प्रभारी राजपुरा, कानि. अनिल टम्टा, सुरेश देवड़ी, अरूण राठौर सम्मिलित हैं।

# गरूड़ में समान शिक्षा का सबको अधिकार प्रशिक्षण शिविर शुरू

गरुड़ (उद संवाददाता)। समग्र शिक्षा योजना के तहत राजकीय जूनियर हाईस्कूल उड़खुली में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया है। सीआरसी तिलसारी में आयोजित शिविर में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के मुख्य प्रावधानों की जानकारी दी गई। बाल संरक्षण पर चर्चा की। सामाजिक संपरीक्षा, परिवेश की जानकारी, संसाधनों की



उपलब्धता, स्कूल मैपिंग वाल गणना, नामांकन एव ठहराव, मध्याह्न भोजन, स्वच्छता एवं बाल स्वास्थ्य, बालिका शिक्षा, आपदा प्रबंधन, समावेशि शिक्षा, मेरा विद्यालय मेरी नजर पर चर्चा हुई। मास्टर ट्रेनर शंकर लाल टम्टा, संकुल समन्वयक संतोष कुमार, महेश चंद्र, वीरेंद्र लाल, बबीता देवी, सुरेश चंद्र, फहीम अहमद, दीप कोहली, निर्मला आर्या, उमेश जोशी, सुरेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने की अलाव जलाने की मांग

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में लगातार शीत लहर का प्रकोप बढ़ रहा है, कड़ाके ठंड व कंपकपा देने वाली सर्दी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। लगातार बढ़ रहे ठंड के प्रक्रोप को देखते हुए उद्योग व्यापार मंडल ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर बाजार स्थित सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने का मांग की है व सुलभ शौचालयों में साफ सफाई व्यवस्था को दुरस्त करने की भी मांग की है। जिस पर ईओ ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, महामंत्री संदीप चावला एवं कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे स व्यापारियों ने सुलभ शौचालय की भी सफाई व्यवस्था सुचारू किए जाने की मांग की।

# जनहित में लाई जायेगी नई नजूल नीति : शिव अरोरा

## विधायक ने पुरानी नीति पर उठाये सवाल, पूर्व विधायक पर भी साधा निशाना


रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपनी ही सरकार में बनी नजूल नीति पर सवाल उठाने के साथ ही इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पाने के लिए पूर्व विधायक को जिम्मेवार ठहराया है। प्रेस वार्ता में विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भाजपा सरकार में बनाई गयी नजूल नीति अपने मूल उद्देश्यों पर खरी नहीं उतर पायी। विधायक ने कहा पिछले वर्ष दिसम्बर माह में नजूल पर मालिकाना हक हेतु नई पॉलिसी आई थी। जिसका लाभ मलिन बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवार को नही मिला।विधायक शिव अरोरा ने बताया नई पॉलसी में मात्र चार आवेदन हुए और जिसमे से एक आवेदनकर्ता ही इसका लाभ ले पाया । पिछले दिसम्बर में आई यह नजूल पॉलसी 2022 दिसम्बर की 10 तारीख को स्वत: समाप्त हो चुकी है। इससे स्पष्ट प्रतीत हो कि पिछली दिसम्बर में आई पॉलसी अत्यंत जटिल थी जिसके चलते इसका लाभ रुद्रपुर गरीब जनता को नही मिल पाया। विधायक ने बताया मार्च 2009 में आई पुरानी पॉलिसी जिसमें 2559 परिवारों ने आवेदन किये थे जिनके सर्किल रेट के 25% जमा थे उसमें 1256 परिवार उसका लाभ ले पाये और उनको मालिकाना हक मिला। विधायक अरोरा ने कहा 50 वर्ग मीटर तक निवासरत गरीब परिवार उनको फ्री मालिकाना हक मिलना था मगर वह इससे वंचित रहे जिसका कारण रहा की नई पॉलसी इतनी जटिल थी जो हमारी गरीब जनता के लिये उसके मानक पूरे करना अत्यंत कठिन रहा और यही कारण था कि इस बारह माह की पॉलसी का लाभ सीधे जाना तक नही मिल सका। विधायक ने कहा उन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के निर्देशन पर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर उन्होंने कारण जानने का प्रयास किया। विधायक ने कहा धामी सरकार की मंशा है कि इस पॉलसी का लाभ जनता को मिले लेकिन ऐसा होता नजर नही आया। विधायक ने कहा 50 वर्ग मीटर से कम पर काबिज नजूल पर बसे लोगो के लिये पात्रता पूरी करना सम्भव नही है जिस कारण इस नजूल नीति का लाभ गरीब परिवार को नही मिल पाया जिनको निशुल्क मालिकाना हक दिया जाना था। प्रदेश की पुष्कर धामी सरकार चाहती है कि गरीब को इस नीति का लाभ मिले मगर नजूल नीति के बनते समय उस समय के जनप्रतिनिधि द्वारा ऐसा कोई सुझाव ऐसी कोई योजना सरकार को अवगत नही कराई गई जिसका खमियाजा यह निकला कि नजूल नीति का लाभ हमारे गरीब लोगों को नही मिल पाया और इसकी जटिलता इतनी अधिक थी कि यह नीति अपने उद्देश्य की पूर्ति करती नजर नही आई। विधायक ने कहा जनप्रतिनिधि की जागरूकता न होने के कारण रुद्रपुर की गरीब जनता इस नजूल नीति के लाभ से वंचित है। विधायक ने कहा जनता ने उन्हें सेवा का मौका दिया है अब नई नीति जो गरीबो के उद्देश्य को पूर्ति करती नजर आये और इस नीति में संशोधन करवाते हुए जनता से सुझाव लेकर ओर प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय करते हुए देहरादून शासन में वार्ता करेगे और नए सुझावों और संशोधन के साथ पॉलसी को लाया जायेगा जो गरीब जनता के हित मे होगी। 50 वर्ग मीटर से कम पर निवासरत लोगो के लिये फ्री में इसका लाभ मिले इसको सुनिश्चित करवाना उनकी प्राथमिकता होगी। वहीं विधायक अरोरा ने बताया कि उन्होंने हाल ही में विधानसभा सत्र के दौरान काशीपुर बाईपास रोड चौड़ीकरण का विषय उठाया था। जिसको लेकर पूर्व में प्रस्तावित प्रस्ताव को पुनर्जीवित करने के लिए पीडब्लूडी मंत्री सतपाल महाराज ओर सचिव से मिले । वहां पर चौंकाने वाली बात पता चली। अरोरा ने बताया कि पूर्व के जनप्रतिनिधि ने बाईपास चौड़ीकरण के प्रस्ताव को खुद ही पत्र लिखकर निरस्त करवा दिया। यह उनकी विकास विरोधी सोच को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि वह इस योजना को दुबारा पास करवाने के लिए प्रयासरत हैं। जल्द ही इस योजना को पुनर्जीवित होने के बाद काशीपुर बाईपास का चौड़ीकरण कराकर शहरवासियों को जाम से निजात दिलाई जायेगी। पत्रकार वार्ता में जिला महामंत्री अमित नारंग, मडंल अध्यक्ष सुशील यादव,हरीश भट्ट, सुरेश कोली, गजेंद्र प्रजापति , राधेश शर्मा, धीरेश गुप्ता,ललित बिष्ट, मयंक कक्कड़, विजय डे, आदेश भरद्वाज व अन्य लोग मौजूद रहे।



# पुलिस कानून व्यवस्था के साथ-साथ एक मित्र पुलिस का कर्तव्य निभाएं: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को राजभवन में ''उत्तराखण्ड पुलिस मंथन-चुनौतियाँ एवं समाधान'' की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मंथन और चिंतन से ही समाधान निकलते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पुलिस विभाग द्वारा इस मंथन के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में पुलिस का कार्य लगातार कठिन एवं चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है लेकिन उन चुनौतियों के समाधान भी पुलिस को ही खोजने होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का जो दृढ़ निश्चय किया गया है, उसमें पुलिस का बड़ा सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह प्रयास रहना चाहिए कि अपराध हो ही ना इसके लिए पुलिस को प्रोएक्टिव और पूर्व से ही चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस कानून व्यवस्था के साथ-साथ एक मित्र पुलिस का कर्तव्य निभाएं। वर्तमान परिदृश्य में पुलिस के आगे कई नयी चुनौतियाँ हैं। इनमें साइबर क्राइम, महिला अपराध, यातायात प्रबन्धन, नशा, मानव तस्करी जैसी बड़ी चुनौतियां हैं जिन से हर हाल में निपटना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थिति कई अन्य राज्यों से भिन्न है। बाढ़, अतिवृष्टि, भू-स्खलन, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतियां भी हैं,पुलिस को इनसे निपटना भी है और समाधान भी खोजने होंगे। राज्यपाल ने कहा कि समाज का जिस तेजी से शिक्षा का स्तर बढ़ा है, उनकी अपेक्षाएँ भी बहुत बढ़ गयी हैं। अब लोग आपसे व्यवहार तथा कार्य-कुशलता दोनों की अपेक्षा करते हैं। लोगों को समस्याओं से निजात दिलाना प्राथमिकता में होना चाहिए। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, श्रीमती गीता धामी, डीजीपी अशोक कुमार सहित पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।





# धूमधाम से मनाया जायेगा श्री हरिधाम मन्दिर का वार्षिकोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री हरिधाम मन्दिर श्री मेहन्दीपुर बाला जी महाराज के महंत मनीष सलूजा के सानिध्य में श्री हरिधाम मन्दिर का भव्य बारहवां वार्षिकोत्सव 8 जनवरी से 16 जनवरी तक को बड़ी ही धूम धाम के साथ मनाया जायेगा। मन्दिर के महन्त मनीष सलुजा ने बताया कि आगामी 8 जनवरी से होने वाले वार्षिकोत्सव की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। आमंत्रण पत्र बाबा प्रेमियों को दिए जा चुके है। उन्होंने बताया कि नव श्री हरिधाम मन्दिर बन के तैयार है जिसमें मंगल कलश यात्रा 8 जनवरी को श्री हरिधाम मन्दिर से प्रारम्भ होकर नव निर्मित श्री हरिधाम मन्दिर प्रांगण पहुँचेगी जिसमें 8 जनवरी से ही श्रीमद भागवत कथा प्रारम्भ होगी जो 14 जनवरी श्री सुदामा चरित्र के साथ सम्पन्न की जाएगी। 14 जनवरी शनिवार प्रातः 6 बजे श्री बाला जी महाराज का दिव्य स्वर्ण श्रृंगार किया जाएगा प्रातः 7 बजे से अखण्ड श्री रामचरित मानस जी के पाठ का शुभारम्भ किया जाएगा। प्रातः 09 बजे से श्री रामचरितमानस जी के पंचम सोपान सकलकलिकलुषविध्वंसक श्री सुन्दर काण्ड जी पाठ प्रारम्भ किया जाएगा। सुबह 10बजे रुद्राभिषेक एवं रात्रि 8 बजे से भव्य श्री बाला जी दरबार होगा। जिसमें सुप्रसिद्ध गायक कलाकार नरेश सैनी एवं श्री सन्नी चड्ढा द्वारा भक्तों को भजनो की भक्ति से निहाल किया जाएगा। 15 जनवरी दिन रविवार सुबह 7 बजे श्री अखण्ड रामचरित्रमानस पाठ पारायण सुबह 9 बजे चालीसा यज्ञ प्रारम्भ होगा। 10 बजे श्री विग्रह स्थापना 12 बजे श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा दोपहर 2 बजे महिला संकीर्तन एवं रात्रि 08 बजे भजन संध्या एक शाम बाँके बिहारी के नाम भजन गायक मास्टर बाबी एवं सुप्रसिद्ध रसिक गोपी शर्मा द्वारा की जाएगी। 16 जनवरी दिन रविवार को प्रातः 9 बजे हरि संकीर्तन प्रातः 11 बजे सन्त समागम एवं दोपहर 01 बजे विशाल सवामनी भण्डारा एवं छप्पन भोग वितरण किया जाएगा। इसी के साथ श्री हरिधाम मंदिर श्री मेहंदीपुर बाला जी महाराज धाम का बारहवां वर्षिकोउत्सव संपन्न होगा। मन्दिर के अध्यक्ष ओमप्रकाश सलुजा,विजय काक्के,सागर कालरा,दीपक कटारिया, विजय कक्कड़,अमित शर्मा, कमल काक्के, विवेक शर्मा,राज कुमार जांगडा, रवि कक्कड़,मनोज चावला, अजय कुमार, साहिल आनन्द, चिरंजीव पाण्डेय, अन्नू छाबड़ा,राजेश भट्ट, मनीष श्रीवास्तव, अमित रहेजा, रिंकु लम्भा, अनिल भोला आनन्द, विशाल कोहली,मोनू वर्मा विमल वर्मा, राज कुमार भुड्डी आदि लोग तैयारियों में जुटे हैं।




# विद्यालय को भेंट किया साउंड सिस्टम

बाजपुर( उद संवाददाता)। जी के आजाद ट्रस्ट के अध्यक्ष पत्रकार गुलबेज खान आजाद ने बाल मंगलम विद्यालय हल्दी पंतनगर को साउंड सिस्टम भेंट किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शर्मा ने बताया की विद्यालय को दो साल से साउंड सिस्टम की जरूरत थी। विद्यालय की टीचर दिपाली सक्सेना के आग्रह पर जी के आजाद ट्रस्ट बाजपुर के अध्यक्ष पत्रकार गुलबेज खान ने आज विद्यालय को साउंड सिस्टम उपलब्ध करा दिया है । प्रधानाचार्या ने बताया कि यह विद्यालय पंतनगर यूनिवर्सिटी के अधीन चलता है यहां गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि यहां बहुत बच्चे ऐसे हैं जिनके पास जूते स्वेटर आदि नहीं है। गुलबेज खान आजाद से यहां ऐसे बच्चों को गर्म कपडे उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। जल्दी ऐसे सामान भी ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। बता दें जीके आजाद ट्रस्ट शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रही है। ट्रस्ट उद्देश्य हर गरीब को शिक्षा और हर गरीब को ईलाज उपलब्ध कराना है। इस मौके पर गुलबेज खान आजाद, फिरोज रजा, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति शर्मा, दिपाली सक्सेना आदि मौजूद थे।



# पंडित मालवीय जी के जन्मोतसव की पूर्व संध्या पर भजन संध्या आज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा के संस्थापक भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज शाम लक्ष्मी नारायण मंदिर में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर ने बताया कि पांच मंदिर में हर वर्ष पंडित मदन मोहन मालवीय जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। उनके जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर आज शाम 6 बजे से लक्ष्मी नारायण मंदिर पांच मंदिर में भजन संध्या आयोजित होगी जिसमें दिल्ली के प्रसिद्ध भजन गायक महावीर शर्मा अपने भजनों से प्रभु का गुणगान करेंगे। देर रात तक भजन संध्या के पश्चात कल रविवार को प्रातः 8.30 बजे पंडित मदन मोहन मालवीय जी के जन्मोत्सव पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित होगा। श्री बब्बर ने सभी से भजन संध्या और पुष्पांजलि कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।



# मेयर ने किया ओपन जिम का उदघाटन

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। वार्ड नं 38 आवास विकास स्थित विवेकानंद पार्क में नगर निगम की ओर से स्थापित ओपन जिम का मेयर रामपाल सिंह, विशिष्ठ अतिथि राजकुमार खनीजो,पार्षद रीना जग्गा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया। इस दौरान वार्डवासियों ने मेयर रामपाल सिंह का जोरदार स्वागत करते हुए ओपन जिम के शुभारम्भ पर मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर मेयर ने कहा कि ओपन जिम की स्थापना राज्य वित्त,14वां वित्त एवं नगर निगम निधि के अंतर्गत किया गया है। इससे वार्डवासियों को लाभ मिलेगा। ओपन जिम में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक अपने स्वास्थ्य को बेहतर रख सकते हैं।मेयर ने कहा कि नगर निगम का यह एक छोटा सा प्रयास है, भविष्य में अन्य स्थापनों पर भी ओपन जिम खोलने की योजना है। ओपन जिम में बच्चे व्यायाम करके अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं साथ ही वे खेल पर भी ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए थोड़ा समय व्यायाम के लिए निकालना जरूरी है। हर व्यक्ति जिम का शुल्क अदा नहीं कर सकता इसी लिए नगर निगम की ओर से ओपन जिम की व्यवस्था की गयी है। ओपन जिम लोगों को शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ता प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि ओपन जिम में शारीरिक व्यायाम के लिए अलग अलग तरह की मशीनें उपलब्ध कराई गई है। लोगों की मांग और जरूरत को देखते हुए यहां ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। जिम की सुविधा मिल जाने से हर वर्ग और हर उम्र के लोग यहां कसरत और वर्जिश कर स्वास्थ लाभ ले सकेंगे। उन्होंने वार्डवासियों से जिम के रखरखाव का ध्यान रखने का भी आहवान किया। इस अवसर पर राजेश जग्गा, भूपेंद्र लांबा राज राजेंद्र खनिजो बंटी सिंह प्रेम नाथ धनला,राजेश अग्रवाल, नितेश गुप्ता, राजकुमार कटारिया, चरणजीत सिंह लड्डू, अरुण चावला सहित वार्ड के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# तीन दिवसीय कांडा महोत्सव का रंगारंग आगाज

कांडा( उद संवाददाता)।तीन दिवसीय कांडा महोत्सव का कलश यात्रा के साथ ही रंगारंग शुभारंभ हो गया हैं। महोत्सव में लोक संस्कृति, छोलिया दलों के साथ साथ स्थानीय देवी देवताओं के आशीर्वाद के साथ कालिका माता का जयकारा किया गया।महिलाओं द्वारा कलश यात्रा में भक्तिमय होकर महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर हिस्सेदारी की गई। यहां विद्यालयी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही बाहरी दुकानदारों के द्वारा दुकानें भी लगाई गयी हैं।झूले चरखें लगे हैं जिनका खूब आनंद बच्चे ले रहे हैं। मुख्य अतिथि विधायक सुरेश गढ़िया ने कांडा महोत्सव की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए एक बेहतर मंच बतलाया हैं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक उम्मेद सिंह मांजिला और भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण रहें। उपजिलाधिकारी कांडा मोनिका गुसाई सिंह धपोला कांडा महोत्सव समिति अध्यक्ष हीरा सिंह कर्म्याल ने कहा कि महोत्सव द्वारा कांडा क्षेत्र के पौराणिक इतिहास की यादें ताजा होती है।पूर्व में कांडा जिले का प्रमुख शिक्षण केंद्र होता था।महोत्सव द्वारा क्षेत्रीय सँस्कृति को सजोए रखने का कार्य किया जाता है। उपाध्यक्ष किशोरी वर्मा,गंगा लाल वर्मा,भूपाल सिंह नगरकोटी, सचिव दरपान सिंह धपोला कोषाध्यक्ष जीतेन्द्र वर्मा संयोजक ब्यवस्थापक आन्नद धपोला वीरेंद्र नगरकोटी मनीष कांडपाल राजेंद्र गैड़ा रत्न रमाड़ी मनमोहन भाकुनी संदीप जोशी महिला मोर्चा सविता नगरकोटी अशोक जोशी निर्मल शाह आलम मेहरा शंकर धपोला प्रकाश नगरकोटी माया आर्या निकिता भंडारी जिया शाह नवीन जोशी भगवान भंडारी नरेंद्र नगरकोटी लाल सिंह डसीला राजेंद्र नगरकोटी महिप किशोर अशोक भंडारी भीम कुमार किशन राम सुरेंद्र राठौर आदि लोग शामिल रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## संक्रमण से सुरक्षा की सलाह

भारत में फिलहाल कोरोना संक्रमण की रफ्तार धीमी है, लेकिन यह बहुत व्यापक स्तर पर उठाए गए कदमों और बहुस्तरीय सावधानी का एक सकारात्मक हासिल है। यह सुरक्षित स्थिति कायम रहे और इस महामारी से पूरी तरह आजादी मिले, यह सभी की इच्छा होगी।इसके लिए जरूरी है कि जिन उपायों के सहारे हमारा देश कोरोना विषाणु के खतरे की जद से बाहर आ सका है, उनके प्रति अब भी कुछ समय तक लापरवाही नहीं बरती जाए। चीन से अभी जैसी खबरें आ रही हैं, वे चिंता पैदा करने वाली हैं। वहां अचानक एक बार फिर संक्रमण बढ़ गया है और इससे वहां का जन-जीवन बाधित हो रहा है।इसके मद्देनजर भारत में अगर समय रहते कोरोना संक्रमण से बचाव की तैयारी शुरू हो गई है, तो यह उचित ही है। पिछले दो-तीन दिनों में सरकार ने इस मसले पर कई स्तर पर चौकसी बरतने के संकेत दिए हैं। इसी क्रम में गुरुवार को प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने को लेकर आगाह किया और कोरोना के मामलों पर सख्त निगरानी की सलाह दी।दरअसल चीन, अमेरिका और कुछ अन्य देशों में पिछले कुछ दिनों से कोरोना के एक नए बहुरूप ओमीक्रान बीएफ.7 के संक्रमण के मामले सामने आए हैं, उससे सभी का चिंतित होना लाजिमी है। करीब तीन साल पहले जब पहली बार चीन के वुहान से कोरोना विषाणु के संक्रमण और उसके जानलेवा खतरों की खबरें आई थीं, तब बहुत सारे लोगों को लगा था कि संभवत: इसका असर चीन तक ही सीमित रहेगा। मगर कुछ ही महीनों के भीतर दुनिया भर में यह विषाणु जिस तरह फैल गया और इसकी जद में आने वाले लाखों लोगों को असमय ही अपनी जान गंवानी पड़ी, उसकी याद आज भी हर व्यक्ति को दहला देती है।इस जानलेवा विषाणु की मार के कई गंभीर दौर आए और उसके बाद भी इसका असर अब तक पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। जाहिर है, एक बार फिर चीन और अन्य कुछ देशों से इस विषाणु के नए बहुरूप के फैलने की खबरों के बाद हर तरफ चिंता की लकीरें उग आई हैं। इसलिए प्रधानमंत्री ने इस मसले पर सावधानी बरतने और बचाव के उपायों को लेकर सजग रहने की जो बात कही है, वह वक्त का तकाजा है। संभव है कि कुछ लोगों को लगता हो कि देश में अब कोरोना का जोर कमजोर पड़ गया है। लेकिन इससे बचाव को लेकर सतर्क रहने की सलाह सबके हित में है। राजनीतिक दलों की ओर से चलाए जा रहे अभियानों में भी अपने स्तर पर कुछ सतर्कता बरती जानी चाहिए। इससे अच्छा क्या होगा कि एक बार फिर कोरोना के अन्य बहुरूपों के पांव जमाने से पहले ही उससे बचाव की दीवार खड़ी कर ली जाए, ताकि अतीत में हुए व्यापक जानमाल के नुकसान से लोगों को फिर न गुजरना पड़े। संक्रमण से सुरक्षा के लिए मास्क लगाने और सुरक्षित दूरी बरतने जैसे बहुत साधारण रास्तों के जरिए हालत बिगड़ने से रोका जा सकता है। यों भारत में टीकाकरण और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए प्राकृतिक रूप से अनुकूल स्थितियों की वजह से सुरक्षा का एक घेरा पहले से तैयार है, फिर भी अगर हर स्तर पर एहतियात और चौकसी का मामूली खयाल भी रखा जाए तो मौजूदा राहत को कायम रखने में मदद मिल सकती है।

# सुधर रही है गंगा की सेहत

## संदर्भ: गंगा नदी की सफाई से जुड़ी नमामि गंगे परियोजना यूएन ने सराही

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली 'नमामि गंगें' परियोजना की सरहाना संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण कार्यक्रम (सीओपी 15) के दौरान एक रिपोर्ट में की गई। यह सम्मेलन कनाडा में संयुक्त राष्ट्र का पन्द्रहवां जैव विविधता सम्मेलन है। यह एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि गंगा केवल एक पानी की नदी भर नहीं है, बल्कि उसके किनारों पर 52 करोड़ लोग रहते हैं, भारत की कुल जीडीपी का 40 प्रतिशत हिस्सा इसी गंगा के पानी से उपजने वाली फसल और पर्यटन से चलती है। क्योंकि गंगा के किनारे बसे प्रत्येक प्रमुख शहर से भारतीय संस्कृति की एक ऐसी कहानी जुड़ी हुई है, जो सनातन संस्कृति और धर्म को मूल्यवान बनाती है। वाराणसी का अभूतपूर्व कायाकल्प हो जाने से इस धर्मनगरी का महत्व विश्व पर्यटन में स्वीकार हुआ है, नतीजतन यहां देश के साथ-साथ दुनिया से आने वाले पर्यटकों की उम्मीद से कहीं ज्यादा संख्या बढ़ी है। जैव विविधता की दृश्टि से भी इस जीवनदायी नदी की सफाई जरूरी थी, जिससे 52 करोड़ लोग निरोगी रहते हुए जीवन-यापन कर सकें। संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन में जारी हुई रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि हिमालय से बंगाल की खाड़ी तक 2,525 किमी की लंबाई में बहने वाली इस नदी को जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि, प्रदूषण और औद्योगिकरण से बड़ा नुकसान हुआ है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'नमामि गंगें' परियोजना ने नदी के 1500 किमी के हिस्से को प्रदूषण मुक्त कर इसे पूनर्जीवित किया है। इस क्षेत्र में नदी के जलग्रहण क्षेत्र की सफाई के साथ-साथ इसके किनारों पर तीस हजार एकड़ में नए वन लगाने के साथ, पुराने जंगल का भी उचित संरक्षण किया गया। ऐसा यूएन का अनुमान है कि यदि इस जंगल की बहाली नहीं होती तो 2030 तक 25 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन की मात्रा बढ़ती, जो इस क्षेत्र की आबादी, जल-जीवों और पशु-पक्षियों के लिए बड़े संकट का सबब बन सकती थी। लेकिन कॉर्बन उत्सर्जन की मात्रा अब निरंतर घट रही है। इस परियोजना के लक्ष्यों में वन्यजीव प्रजातियों का संरक्षण एवं उन्हें पुनर्जीवित करना भी था। इनमें डॉल्फिन, घड़ियाल, कछुए, ऊदबिलाव और हिल्सा मछली शामिल हैं। पर्यावरण सुधरेगा तो अन्य पशु-पक्षियों को भी जीवनदान मिलेगा। इसीलिए इसे संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के दस प्रमुख प्रयासों में से एक माना है। केंद्र सरकार की इस अत्यंत महत्वूर्ण योजना के अंतर्गत गंगा में गिरने वाले जल को रोकने के साथ-साथ इसके दोनों किनारों पर वन क्षेत्र विकसित करने का अभियान अभी भी चल रहा है। हालांकि यह परियोजना करीब 35 साल पहले गंगा कार्ययोजना के रूप में शुरू हुई थी। तबसे इस पर सैंकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए हैं। नरेंद्र मोदी ने गंगा की चिंता वाराणसी से 1914 में लोकसभा का प्रत्याशी बनने के साथ जताई थी। इसीलिए उन्होंने सत्तारूढ़ होने के बाद इस परियोजना को नमामि गंगे नाम देते हुए इसकी सफाई के लिए एक अलग मंत्रालय भी बना दिया। इसके बाद ही इसके कारगर परिणाम देखने में आए हैं। इसके किनारों पर जो हरित पट्टी विकसित की गई है। उससे न केवल इन इलाकों की खेती की सेहत सुधरेगी, बल्कि मनुष्य और दुधारू पशुओं की भी सेहत सुधरेगी। लोगों को पीने के लिए भी स्वच्छ जल मिलेगा। केंद्र के वित्त पोषण से शुरू हुई इस योजना से भारतीय सभ्यता, संस्कृति और आजीविका की जीवन रेखा कहलाने वाली गंगा का न केवल कायाकल्प हो रहा है, बल्कि इसका सनातन स्वरूप भी बहाल हो रहा है। वाराणसी का कायाकल्प इसका साक्षात उदाहरण है। अब तक गंगोत्री से गंगासागर तक के सफर में गंगा जल को औद्योगिक हितों के लिए निचोड़कर प्रदूषित करने में चमड़ा, चीनी, रसायन, शराब और जल विद्युत परियोजनाएं सहभागी बन रही थीं। इनमें से अनेक को या तो बंद कर दिया गया है या फिर दूषित जल के शुद्धिकरण के संयंत्र स्थापित करा दिए गए हैं। गंगा सफाई की पहली बड़ी पहल राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में हुई थी, लेकिन गंगा नाममात्र भी शुद्ध नहीं हुई। इसके बाद गंगा को प्रदूषण के अभिशाप से मुक्ति के लिए संप्रग सरकार ने इसे राष्ट्रीय नदी घोषित करते हुए, गंगा बेसिन प्राधिकरण का गठन किया, लेकिन हालत जस के तस रहे। भ्रष्टाचार, अनियमितता, अमल में शिथिलता और जबावदेही की कमी ने इन योजनाओं को दीमक की तरह चट कर दिया। भजपा ने गंगा को 2014 के आम चुनाव में चुनावी मुद्दा तो बनाया ही, वाराणसी घोषणा-पत्र में भी इसकी अहमियत को रेखांकित किया। सरकार बनने पर कद्दावर, तेजतर्रार और संकल्प की धनी उमा भारती को गंगा मंत्रालय का प्रभारत देकर इसके जीर्णोद्धार का भगीरथी दायित्व सौंपा गया। जापान के नदी सरंक्षण से जुड़े विशेषज्ञों का भी सहयोग लिया गया। 'नमामि गंगें' की शुरूआत गंगा किनारे वाले पांच राज्यों में 231 परियोजनाओं की आधारशिला, सरकार ने 1500 करोड़ के बजट प्रावधान के साथ 104 स्थानों पर 2016 में रखी थी। इतनी बड़ी परियोजना इससे पहले देश या दुनिया में कहीं शुरू हुई हो, इसकी जानकारी मिलना असंभव है। इनमें उत्तराखंड में 47, उत्तर-प्रदेश में 112, बिहार में 26, झारखंड में 19 और पशिचम बंगाल में 20 परियोजनाएं आरंभ हुई जिनके परिणाम संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में सामने आए हैं। हरियाणा व दिल्ली में भी 7 योजनाएं गंगा की सहायक नदियों पर भी शुरू हुई हैं। अभियान में शामिल परियोजनाओं को सरसरी निगाह से दो भागों में बांट सकते हैं। पहली, गंगा को प्रदूषण मुक्त करने व बचाने की। दूसरी गंगा से जुड़े विकास कार्यों की। गंगा को प्रदुषित करने के कारणों में मुख्य रूप से जल-मल और औद्योगिक ठोस व तरल अपशिष्टों को गिराया जाना था। अब जल-मल से छुटकारे के लिए अधिकतम क्षमता वाले जगह-जगह सीवेज संयंत्र लगाए गए हैं। गंगा के किनारे आबाद 400 ग्रामों में 'गंगा-ग्राम' नाम से उत्तम प्रबंधन योजनाएं शुरू हुई हैं। इन सभी गांवों में गड्ढे युक्त शौचालय बनाए गए हैं। सभी ग्रामों के शमशान घाटों पर ऐसी व्यवस्था को अंजाम दिया गया है, जिससे जले या अध जले शवों को गंगा में बहाने से छुटकारा मिले। शमशान घाटों की मरम्मत के साथ उनका अधुनीकिकरण हुआ है। अनेक विद्युत शवदाह गृह बनाए गए हैं, जिससे लकड़ी-कंडों का उपयोग न्यूनतम हो गया है। साफ है, ये उपाय संभव होने से ही गंगा सफाई अभियान को यूएन ने सराहा है। विकास कार्यों की दृष्टि से ग्रामों में 30,000 हेक्टेयर भूमि पर पेड़-पौधे लगाए जाने हैं। जिससे उद्योगों से उत्सर्जित होने वाले कॉर्बन का शेषण कर वायु शुद्ध होती रहे। ये पेड़ गंगा किनारे की भूमि की नमी बनाए रखने का काम भी कर रहे हैं। गंगा किनारे आठ जैव विविधता संरक्षण केंद्र भी विकसित किए गए हैं। वाराणसी से हल्दिया के बीच 1620 किमी के गंगा जल मार्ग में बड़े-छोटे सवारी व मालवाहक जहाज चलाने की असंभव परिकल्पना की गई थी, जिस पर अमल हो गएया है और अब इस बीच मालवाहक जहाज चलने लगे हैं। इस हेतु गंगा के तटों पर बंदरगाह भी बनाए गए हैं। इस नजर से देखें तो नमामि गंगे परियोजना केवल प्रदूषण मुक्ति का अभियान मात्र न होकर विकास व रोजगार का भी एक बड़ा पर्याय बना है।

**-प्रमोद भार्गव लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# धर्म ग्रन्थों के पास गए बिना आध्यात्मिक ज्ञान मिलना सम्भव नहीं: आचार्य प्रशान्त

ग्रेटर नोएडा(उद ब्यूरो)। कृष्ण को अगर पाना है तो गीता की तरफ जाना होगा क्योंकि हमारे ग्रँथ ही हमें सत्य से मिलाने का काम करते हैं। वर्तमान समय में हमारे धर्म स्थल तो केवल महज एक प्रतीक बन कर रह गए हैं। प्रशान्तअद्वैत संस्था के संस्थापक एवम पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशान्त ने नॉलेज पार्क स्थित केसीसी कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय वेदांत महोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि माया विभिन्न रूपों में आज हमारे बीच मौजूद है बस हमें उन्हीं रूपों को पहचानना है हम माया को ही वास्तविक मान लेते हैं जबकि वह केवल अहंकार है जो हमे मुक्ति की और ले जाये वही अध्यात्म है। उन्होंने कहा कि बाहरी दिखावटी दुनिया मनुष्य को अंधकार की और धकेल रही है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन को जो उपदेश दिया था वह था अन्याय के खिलाफ लड़ना,धर्म की रक्षा के लिए लड़ना हमे बस यही समझना है हम कर क्या रहे हैं। आचार्य प्रशान्त ने कहा कि मूल्य आपकी चेतना का है, आपके शरीर का नहीं और मूल्य आपके चुनाव का है, आपकी स्थिति का नहीं। जिसको आप बुरी स्थिति कहते हैं, उस बुरी-से-बुरी स्थिति में भी जो व्यक्ति श्रेष्ठ चुनाव कर रहा है, वह बेहतर है। उन्होंने कहा कि शरीर तुम्हारी स्थिति है, चेतना तुम्हारा चुनाव है। शरीर तुम बदल नहीं सकते और चेतना बस वैसी ही होती है जैसा तुमने उसे बदल-बदलकर बना दिया होता है। शरीर से बड़ा बंधन दूसरा नहीं और चेतना से बड़ी मुक्ति दूसरी नहीं। उन्होंने कहा कि शरीर बंधन है इसीलिए शरीर से मुक्ति चाहिए। चेतना महामुक्ति है। जो जितना शरीर से जुड़कर जिएगा, वह उतना बंधन में जिएगा। जो जितना चौतन्य भाव में जिएगा, वह उतना मुक्ति का जीवन जिएगा। आचार्य प्रशान्त ने कहा कि मनुष्य गर्भ से जानवर पैदा होता है उसके कर्म भी जानवर के ही होते हैं लेकिन चाहता मुक्ति है इसी वजह से वह हमेशा तनाव में रहता है इसलिए बस सहज होकर जीवन जीने के लिए आत्मावलोकन करने की जरूरत है।





# बिना व्यक्तिगत चरित्र निर्माण के राष्ट्रीय एकीकरण संभव नहीं है : गुरमीत सिंह

हापुड/देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को हापुड़ में राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण एवं चरित्र निर्माण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए संस्था के सदस्यों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था वीर सैनिकों और राष्ट्रभक्त नागरिकों के साथ व्यक्तिगत और चरित्र निर्माण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। राष्ट्रीय एकीकरण एवं चरित्र निर्माण कार्यक्रम इसका उदाहरण है। इस परिवार को हमारे हजारों देशभक्त नागरिकों और वीर सैनिकों ने स्वयं समर्पित भावना से बनाया है, इस परिवार का सदस्य होना हर एक के लिए गौरव की बात है। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण एवं चरित्र निर्माण दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। बिना चरित्र निर्माण के राष्ट्रीय एकीकरण संभव नहीं है। चरित्र निर्माण के लिए अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हमें शहीद परिवारों के परिजनों और वीर नारियों की हमेशा सहायता करनी चाहिए। जिन शहीद देशभक्तों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया है उनके परिवार की देखभाल करना हम सब की साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था शहीदों के परिवारजनों व उनके आश्रितों का हमेशा सहयोग करती रही है जो सराहनीय है। राज्यपाल ने संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियो का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था का प्रत्येक सदस्य अपनी पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। उन्होंने संस्था को हरसंभव मदद का भी आश्वासन दिया।



ANANT GRAPHICS
9837777818 Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# त्रिशूल दीक्षा दिवस 9 जनवरी को

गदरपुर( उद संवाददाता)।अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद का कार्यकर्ता सम्मेलन 9 जनवरी को त्रिशूल दीक्षा दिवस के रूप में होगा। उक्त जानकारी देते हुए एक प्रेस वार्ता के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने कहा कि संगठन के संस्थापक डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया 9 जनवरी को त्रिशूल दीक्षा दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। शुक्रवार को हुई बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते



हुए जिला उपाध्यक्ष हरचरण चन्ना और नगर अध्यक्ष अमित ढींगरा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक डॉ.प्रवीण तोगड़िया के आगमन पर त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम होगा उन्होंने अहिप एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील की। इस मौके पर ओम प्रकाश सैनी, विक्रम सिंह सैनी, संजय कुमार,रंजीत सैनी, दिनेश सैनी, सत्यपाल कुमार, मोहन लाल सैनी और ब्लॉकध्यक्ष गोपाल कश्यप मौजूद थे।

# लोगों के कार्य प्राथमिकता से करें अधिकारी: एसडीएम

गरुड़( उद संवाददाता)। उपजिलाधिकारी राजकुमार पांडे ने गरुड़ तहसील में सुशासन सप्ताह के तहत गरुड़ क्षेत्र के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।बैठक में अधिकारियों को लोगों की समस्या को प्राथमिकता के साथ दूर करने के निर्देश दिए।बैठक में विभागीय अधिकारियों को समय से सम्बंधित



विभाग की शिकायतों का निपटारा करने,फरियादियों द्वारा किसी भी समस्या समाधान के लिए जरूरी मानकों को पूरा कर समय से अधिकारियों को समस्या समाधान करने के निर्देश दिए। जिस विभाग द्वारा जनता की समस्याओं को समय पर नहीं किया जाएगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।बैठक में जलसंस्थान, समाज कल्याण,नगर पंचायत,कर्षि, लोनिवि, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# मालगाड़ी से टकराकर युवक की मौत

सुल्तानपुर पट्टी( उद संवाददाता)। नगर के रेलवे गेट नंबर 32 के पास पुल पार कर रहा युवक मालगाड़ी से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मूलरूप से बरेली जिले के गांव फाजलपुर निवासी लेखराज (40) पुत्र परशुराम सुल्तानपुर पट्टी टांडा बंजारा की साप्ताहिक बाजार के टीन शेड में परिवार के साथ रहता था। युवक भीख मांग कर जीवन यापन करता था। शुक्रवार देर शाम रेलवे गेट नंबर 32 के पास स्थित रेलवे पुल से वह गुजर रहा था। इसी दौरान



काशीपुर से लालकुआं की ओर जा रही मालगाड़ी से उसकी टक्कर हो गई। गेटमैन प्रदीप कुमार ने घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआत में युवक की शिनाख्त नहीं हो पा रही थी, लेकिन घटना के लगभग डेढ़ घंटे बाद उसकी शिनाख्त लेखराज के रूप में हुई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी और चार बच्चे छोड़ गया है।

# विदेश भेजने के नाम पर डेढ़ लाख हड़पे

बाजपुर( उद संवाददाता)। सुल्तानपुर पट्टी आदर्श नगर निवासी निसार पुत्र हबीब अहमद ने चौकी में तहरीर देकर आरोप लगाते हुए बताया 12 मार्च 2021को मौहल्ला आदर्श नगर सुल्तानपुर पट्टी,निवासी सर्वजीत सिंह उर्फ दानिश पुत्र जयदेव सिंह व इरम रसूल पत्नी सर्वजीत सिंह उर्फ दानिश निवासी नियर नूरी मस्जिद गौजानी रामनगर रेंज जिला नैनीताल ने दुबई भेजने के लिए कागजात (आधार कार्ड पेन कार्ड, बैंक की पासबुक व बैंक डिटेल, फोटो, पासपोर्ट) व नगद 1,12,000 लिये थे। तथा उसके बाद द्वितीय पक्ष ने क्रमश: 30. मार्च.2021 को खाता में 10 हजार रूपये 3 अप्रैल.2021 को खाता में 9 हजार रूपये 12 अप्रैल 2021 को खाते में से 19 हजार रूपये) ट्रांसफर करवा लिये और मैसेज व कॉल पर बात कर आज- कल कहकर टालने लगे। विदेश भेजने मेरे कुल 1 लाख 50पचास हजार रूपये हड़प लिये हैं। पैसे मांगे जाते हैं तो फोन नहीं उठाता पर गाली गलौज करता जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पैसा वापस बुलाए जाने की मांग की।

## नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 03 क्रमांक 222 पर श्री प्रेमनाथ पुत्र कर्मचन्द का नाम अंकित है, श्री प्रेमनाथ व उनकी पत्नी की दिनांक 05/12/2010, 30/12/2019 को मृत्यु हो चुकी है एंव एक पुत्र मनीष कुमार की भी दिनांक 14/04/2022 मृत्यु हो चुकी है। उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार गृहकर अभिलेखों में मनोज कुमार, संजीव कुमार पुत्र स्व0 प्रेमनाथ व श्रीमती शशी रानी पत्नी स्व0 मनीष कुमार के नाम से गृहकर अभिलेखों में पत्रावली प्रस्तुत कर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है,जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई अपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ती पालिका कार्यालय में गय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ती पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

–अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद, गदरपुर

# हाईवे पर पलटी गेहूं से लदी ट्रैक्टर ट्राली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर रोड पर शनिवार सुबह गेहूं से लदी ओवर ट्रैक्टर ट्राली पलटने से गेहूं की बोरिया सड़क पर फैल गयी। इससे काफी देर तक हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गेहूं की बोरियों और वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। जानकारी के अनुसार गदरपुर से रूद्रपुर जा रही गेहूं से लदी ट्रैक्टर ट्राली सोबती होटल के पास सड़क पर पलट



गयी। इससे सड़क पर गेहूं की बोरियां फैल गयी और जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच वाहन को हटवाया। दुर्घटना का कारण ओवलेडिंग माना जा रहा है। हालांकि हादसे में किसी के के हताहत होने की खबर नहीं है। सूचना पर गेहूं का मालिक भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने दूसरी ट्राली मंगवा कर गेहूं की बोरियां भरवाई। बताया जाता है कि गेहूं किसी चक्की पर भेजा जा रहा था।

# युवती का न्यूड वीडियो बनाकर किया वायरल, मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सरकार के तमाम दावों तथा किए जा रहे प्रयासों के बावजूद भी देवभूमि उत्तराखंड में अब भी बेटियों का सम्मान सुरक्षित नहीं है। क्षेत्र की एक युवती को उसका वीडियो एडिट कर उसे न्यूड कर ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने पुलिस में तहरीर देते हुए कहा है कि बुधवार को उनके नंबर पर अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप पर एक वीडियो आया। डाउनलोड करने पर देखा तो न्यूड वीडियो उसका ही था। कुछ देर बाद आरोपी ने उससे फोन से संपर्क किया। फोन से बात करने पर आरोपी ने कहा कि उसे अपनी नई न्यूड वीडियो भेजो नहीं तो इस वीडियो को इंटरनेट पर वायरल कर देगा। विरोध करने आरोपी ने उसे पूरी तरह बदनाम करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद युवक ने उसके एडिट किए हुए अश्लील वीडियो को कई जगह वायरल कर दिया। इससे वह मानसिक रूप से परेशान है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवती की तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# खाईबाड़ी करते सट्टेबाज गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलिस ने किच्छा मार्ग पर रामलीला मैदान के पास खाईबाड़ी कर रहे एक सट्टेबाज को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक अशोक काण्डपाल साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल ललित कुमार व राजेन्द्र कश्यप के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर वह किच्छा रोड में रामलीला मैदान के पास पहुंचे जहां एक व्यक्ति सट्टा लगाते दिखाई दिया। पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मोहित कश्यप पुत्र मनोज कश्यप निवासी दुधियानगर कैनाल कालोनी वार्ड 13 बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 1500 रुपये नगद, सट्टा पर्ची, पाकेट डायरी, पैन बरामद किया गया। पुलिस ने सामान कब्जे में लेकर मोहित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

**शक्तिफार्म में उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र प्राप्त करने और समाचार विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।**

विक्की मण्डल संवाददाता
उत्तरांचल दर्पण
9193205426

## पेज एक का शेष...

**छात्र संघ चुनाव के लिये..**हुआ है। अभाविप डीएवी पीजी कालेज में लगातार 13 बार अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज करती आ रही है। इस बार उनके प्रत्याशी को एनएसयूआइ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी से कड़ी टक्कर मिल रही है। **हल्द्वानी–** मतदान के दौरान हल्द्वानी के एमबीपीजी कॉलेज के बाहर हंगामा हो गया। निर्दलीय प्रत्याशी रश्मि लमगड़िया के समर्थकों को पीट दिया गया। आरोप है कि एबीवीपी के एक पदाधिकारी ने रश्मि के कुछ समर्थकों को थप्पड़ जड़ दिए। साथ ही कुर्सियां फेंककर बैनर, पोस्टर फाड़ दिए। वहीं एबीवीपी के अन्य समर्थकों ने सड़क पर खड़ी एक युवक की कार का शीशा भी तोड़ दिया। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को खदेड़ा। बाद में गहमागहमी के बीच शांतिपूर्ण मतदान हुआ। **लालकुंआ–** यहां लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सुबह 9बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। छात्र–छात्राओं ने दोपहर तक 11 पदों में से 5 पदों के लिए अपने वोट डाले। 5 पदों पर पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। एक पद पर किसी ने भी नामांकन नहीं किया। शनिवार को अध्यक्ष,सचिव, संयुक्त सचिव ,कोषाध्यक्ष ,विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पदों पर मतदान हुआ। दो बजे तक मतगणना के बाद वोटों की गिनती प्रारंभ की जाएगी। **रुद्रपुर–** शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में सचिव को छोड़कर छात्र संघ के 9 पदों के लिए गहमा गहमी के बीच मतदान हुआ। मतदान के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। सचिव पद पर मयंक माटा का पर्चा अवैध घोषित होने के बाद रोहित भट्ट का निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। महाविद्यालय में बनाये गये 14 बूथों पर सुबह दस बजे से मतदान शुरू हुआ। चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रत्येक बूथ पर एक पीठासीन और तीन सहायक अधिकारी तैनात किये गये थे। मतदान के लिए छात्र–छात्राओं को परिचय पत्र दिखाने पर ही कालेज के अंदर एंट्री दी गयी। साथ ही मोबाइल बैग आदि सामान भी नहीं ले जाने दिया गया। वहीं छात्र संघ चुनाव के चलते रामपुर रोड पर यातायात बाधित न हो इसके लिए पुलिस ने रूट डायवर्ट किया था। रामपुर की ओर से आने वाले वाहनों को डिबडिबा से होकर निकाला गया। वहीं किच्छा सितारगंज से रामपुर जाने वाले वाहनों को इंद्रि चौक से डायवर्ट कर डिबडिबा होते हुए रामपुर को निकाला गया। इंदिरा चौक गाबा चौक, तीन पानी तिराहा सिडकुल चौक से भारी वाहनों का प्रवेश भी वर्जित किया गया। छात्र संघ चुनाव में अपनी जीत पक्की करने के लिए प्रत्याशी अंतिम समय तक छात्र–छात्राओं से वोट की अपील करते नजर आये। बता दें 9 पदों के लिए 20 प्रत्याशी मैदान में हैं। सबकी नजर अध्यक्ष पद पर टिकी है, अध्यक्ष पद पर तीन दावेदार गौतम पपनेजा, मानवेंद्र सिंह और सत्यप्रकाश मैदान में है। लेकिन मुकाबला एबीवीपी के गौतम पपनेजा और निर्दलीय मानवेन्द्र सिंह के बीच माना जा रहा है। एबीवीपी के गौतम पपनजा को जिताने के लिए भाजपा के साथ संघ से जुड़े लोग सक्रिय नजर आये। छात्र संघ चुनाव में इस बार एनएसयूआई ने अपना प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा। वही छात्र संघ उपाध्यक्ष पद पर आकाश कुमार और दीपक सिंह के बीच सीधा मुकाबला है। उपाध्यक्ष छात्रा पद पर दिव्या चौहान और केशु दास, उपसचिव पद पर बॉबी गुप्ता और गौरव शुक्ला, कोषाध्यक्ष पद पर कुनाल गोस्वामी और अश्वनी, सांस्कृतिक सचिव पद पर असीत सरकार, ब्रहमपाल और दीपक भट्ट, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर हिमांशु सिंह और पवन कुमार गंगवार, कला संकाय पद पर अभिषेक कुमार और रंजीत सिंह, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पद पर धीरज गंगवार और सागर चुनाव मैदान में हैं। जबकि वाणिज्यिक संकाय प्रतिनिधि पद पर मनीष शर्मा ने एकमात्र पर्चा भरा था जिसके चलते उनका निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। सचिव पद पर मयंक माटा के पर्चा अवैध घोषित होने के कारण रोहित चन्द्र भट्ट निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। दो बजे तक मतदान की प्रक्रिया के बाद भोजनावकाश के बाद मतगणना और शाम को ही परिणाम भी घोषित किये जाने हैं। चुनाव के दौरान कोतवाल विक्रम राठौर रुद्रपुर, इंस्पेक्टर सुंदरम शर्मा ट्रांजिट कैंप,एसओ दिनेशपुर अनिल उपाध्याय, एसएसआइ कमाल हसन,एसएसआइ द्वितीय केसी आर्य,एसआई महेश कांडपाल,एसआई प्रदीप कुमार समेत पीएसी के जवान मुस्तैद रहे।

**बुकी समेत नौ..**गया किच्छा निवासी मुख्य बुकी पवन कुमार सिंधी सबको सट्टा खिला रहा था लोगों को उनका पैसा 8 गुना करने का लालच दे रहा था पूछताछ में पवन कुमार सिंधी द्वारा पूरे किच्छा क्षेत्र से सट्टा इकट्ठा कर आगे आगरा के अपने एक रिश्तेदार को देने की बात बताई है। पकड़े गये अन्य सटोरियों में पवन कुमार पुत्र किशन चंद निवासी गिद्धपुरी चौकी दरउ, आसिफ खान उर्फ विक्की पुत्र याकूब खान निवासी नई सुनहरी वार्ड नंबर 12 थाना किच्छा, सलमान पुत्र रहमान शाह निवासी हैररपुर थाना अमरिया पीलीभीत, मोहम्मद जावेद पुत्र मोहम्मद हसन निवासी वार्ड नंबर 18 सिरौली कला, मोहम्मद जावेद पुत्र मुर्शरफ निवासी निवासी हैररपुर थाना अमरिया पीलीभीत, मोहम्मद परवेज पुत्र लियाकत अली निवासी हैररपुर थाना अमरिया पीलीभीत, कामिल पुत्र अताउर रहमान निवासी हैररपुर थाना अमरिया पीलीभीत, विमल कुमार पुत्र नित्यानंद निवासी सुनहरी वार्ड नंबर 2 थाना किच्छा, जतिन जोशी पुत्र रामदास जोशी निवासी सैंथल थाना हाफिजगंज बरेली आदि शामिल हैं। पकड़े गये आरोपियों के विरुद्ध थाना पुलभट्टा में धारा -13 जुआ एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

**विधवा के घर में ..** दौरान मौका पाकर घात लगाए चोरों ने छत के रास्ते मकान पर धावा बोलकर कमरे में रखी सेफ को खगांलते हुए सोने की चेन कड़े अंगूठी झुमकी नथ कानों के कुंडल के अलावा चांदी की पायल बिछुआ समेत 10 हजार की नकदी उड़ा दी। महिला ने पुलिस को बताया कि चोरी गए माल की लगभग कीमत 6 लाख के आसपास है। उसने पुलिस को बताया कि शाम को मकान बंद करके वह मां के घर चली गई थी। सुबह बच्चों को स्कूल जाना था। बच्चों को तैयार करने के लिए जब वापस घर लौटी तो कमरे का सारा सामान बिखरा देख उसके पांव तले जमीन खिसक गई। फिलहाल पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया है। गभग एक वर्ष पूर्व कैंसर की बीमारी के चलते शमा परवीन के पति मोहम्मद इरफान की मृत्यु हो गई। पति की मृत्यु के बाद बच्चों के भरण–पोषण की जिम्मेदारी महिला पर आ गई। शमा परवीन का कहना है कि पति की मृत्यु के बाद उसके परिजन लगातार यथासंभव मदद करते रहते हैं। उसने यह भी बताया कि चोरी गई ज्वेलरी में से अधिकांश उसकी मां ने बनवा कर दिए।

**पोक्सोएक्ट के ..**तथा उत्पीड़न करते हैं। आरोपी दंपति के खिलाफ अभियोग पंजीकृत होने के बाद कानून के डर से दोनों काशीपुर से दिल्ली भाग गये और करोलबाग इलाके में पहचान छिपाकर रहने लगे। इधर एसएसपी के निर्देश पर वंचितों की गिरफ्तारी के खिलाफ चलाए अभियान के क्रम में गठित पुलिस टीम ने वांछित दंपती को पकड़ने के लिए जाल बिछाना शुरू कर दिया। इसी क्रम में सुरागरसी करते हुए मुखबिर की सटीक सूचना पर लंबे समय से फरार चल रहे वांछित संजय तथा उसकी पत्नी को अंबेडकर बस्ती थाना क्षेत्र दीनबंधु गुप्ता पुलिस स्टेशन रोड नई दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया।

**पीएम जमानकराने..**लगभग पन्द्रह लाख इकसठ हजार छ:सौ इकसठ रूपये मात्र के वेतन से काटकर जमा नहीं कराया है। उपरोक्त नियोक्ता ने अपने कर्मचारी के भविष्य निधि अंशदान के सदस्य के हिस्से को उनके वेतन से काटकर भविष्य निधि के भारतीय स्टेट बैंक के खाते में नहीं जमा कराकर आपराधिक न्यास भंग किया है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आग सेझोपड़ी..**तक परिवार के लोग कुछ समझ पाते आग की लपटों ने विकराल रूप पकड़ लिया। इस दौरान आग की लपटों में घिरकर झोपड़ी में रखा चारपाई रजाई गद्दे सिलाई मशीन पंखे साइकिल इत्यादि आग की भेंट चढ़ गई। अचानक आग लगने के कारण गणेश जी की 30 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी तथा 12 वर्षीय पुत्री कशिश बेहोश हो गई जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

**दुकान सेनगदी..**से दुकान देख रहा था। उस लड़के ने उसकी दुकान के गल्ले से लगभग रूपये 370 रूपये निकाल लिये। जिसको रंगे हाथों पकड़ लिया । लड़के से पूछने पर उसने अपना नाम पता संजीव कुमार पुत्र चिरंजी लाल निवासी खेडा बताया। देवेन्द्र का कहना है कि उसकी दुकान से पूर्व में भी दो बार में 26000 रूपये चोरी हो चुके है। पुलिस ने आरोपी युवक को अपनी हिरासत में लेकर देवेन्द्र की तहरीर के आधार पर उसके विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE
LED TELEVISION
REFRIGERATOR
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)